Samyak
An Institute For Civil Services

# DAILY CURRENT AFFAIRS

**USEFUL FOR RAS & OTHER COMPETITIVE EXAMS**

29 – 30 April 2025



## देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना कराई जाएगी

- मंजूरी – 30 April 2025 को, इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा।
- 2021 में – अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण टाल दिया गया।
- जनगणना एक्ट 1948 में SC-ST की गणना का प्रावधान, इसमें संशोधन किया जायेगा।
- 1881 में – देश में पहली बार ब्रिटिश शासन द्वारा जनगणना (जातिगत सहित) करवाई गई।
- 1931 तक – जातिगत जनगणना होती रही। 1941 की जनगणना में इसके आँकड़े सार्वजनिक नहीं किये गए हैं।
- Note – 2011 में सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाई गई थी। इसके आँकड़े सार्वजनिक नहीं किये गए हैं।

## 'कमला प्रसाद-बिसेसर' त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री बनेगी

- विजेता पार्टी – यूनाइटेड नेशनल कांग्रेस , पराजित पार्टी – पीपुल्स नेशनल मूवमेंट
- इससे पहले 2010-2015 तक इस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी थीं।
- त्रिनिदाद और टोबैगो
  - कैरेबियन सागर में, दक्षिणी अमेरिकी तट के पास एक द्विपक्षीय राष्ट्र है।
  - यहाँ की कुल जनसंख्या में से लगभग 37% लोग भारतीय मूल के हैं।
  - राजधानी – पोर्ट ऑफ स्पेन।

## प्रोजेक्ट कुइपर : अमेज़न का ब्रॉडबैंड सैटेलाइट मिशन

- $10 बिलियन के प्रोजेक्ट के तहत 27 उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है।
- लॉन्च – 28 April 2025 को फ्लोरिडा के केनावेरल से किया गया।
- लॉन्च वाहन – एटलस V रॉकेट (यूनाइटेड लॉन्च एलायंस द्वारा)
- उद्देश्य – दूरस्थ और ग्रामीण इलाकों में हाई-स्पीड इंटरनेट उपलब्ध कराना।
- लक्ष्य – लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) में 3,236 उपग्रहों की तैनाती करना।
- स्पेसएक्स के स्टारलिंक को टक्कर देने हेतु इसे शुरू किया गया है।

## IAF के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला मिशन एक्सिओम-4 के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) जायेंगे

- दिनाँक – 29. May. 2025 को उड़ान भरेंगे।
- मिशन के सफल होने के बाद वे ISS तक पहुँचने वाले पहले भारतीय तथा राकेश शर्मा के बाद (1984) अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे।
- मिशन –
  - एक्सिओम-4 के अन्तर्गत होगा, जिसे अमेरिका की निजी कंपनी एक्सिओम स्पेस इंक द्वारा संचालित है।
  - लॉन्च – स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन कैप्सूल में फाल्कन 9 रॉकेट से।
  - अवधि – 14 दिन
  - चालक दल –
    1. पैगी व्हिटसन – मिशन कमांडर और नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री
    2. स्लावोज उज्नान्स्की – विस्नीवस्की – पौलैंड
    3. टिबोर कपू – हंगरी
    4. शुभांशु शुक्ला – भारत

    (बैकअप – ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर)

## कनाड़ा में लिबरल पार्टी ने चुनाव जीता

- प्रधानमंत्री – मार्क कार्नी (लिबरल पार्टी की कनाड़ा में चौथी सरकार बनेगी)
- वोट – 343 में से 169 सीटें हासिल करी जो बहुमत (172) से मात्र 3 कम है।
- मुख्य विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी केवल 144 सीटें ही जीत सकी।

## भारत-नेपाल के बीच सीमा पार बिजली पारेषण ढ़ांचे के लिए समझौता

- MOU – 22. April. 2025 को पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (PGCIL) और इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (NEA) ने हस्ताक्षर किए।
- दो संयुक्त उद्यम कंपनियाँ नेपाल और भारत में स्थापित की जायेगी।

## आलोक जोशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB) के अध्यक्ष नियुक्त

- NSAB का पुनर्गठन – 30. April. 2025 को।
- आलोक जोशी– पूर्व रॉ प्रमुख।
- पुनर्गठन– NSAB में अब सशस्त्र बलों और सिविल सेवाओं से जुड़े वरिष्ठ पूर्व अधिकारियों को शामिल किया गया है।
- NSAB के सदस्य
  - एयर मार्शल पी. एम. सिन्हा– पूर्व पश्चिमी एयर कमांडर
  - लेफ्टिनेंट जनरल ए. के. सिंह – पूर्व दक्षिणी सेना कमांडर
  - रियर एडमिरल (सेवानिवृत) मोंटी खन्ना – भारतीय नौसेना
  - राजीव रंजन वर्मा – पूर्व IPS अधिकारी
  - मनमोहन सिंह – पूर्व IPS अधिकारी
  - बी. वेंकटेश वर्मा– पूर्व भारतीय विदेश सेवा (IFS) अधिकारी
- NSAB
  - एक कार्यकारी सलाहकार निकाय, सरकार के आदेश से गठित होता है।
  - राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विशेषज्ञ शामिल होते हैं, जो सीधे सरकारी सेवा में नहीं होते है। नियुक्ति – भारत सरकार द्वारा।
  - मुख्य कार्य– राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) को सलाह देना, नीतिगत सुझाव और समाधान प्रस्तुत करना।

## 'एआई किरण' प्लेटफार्म

- लॉन्च – 21. April. 2025 को मेरा इंडिया की पूर्व प्रमुख एवं वेरिक्स (Verix) की सह-संस्थापक किर्थिगा रेड्डी द्वारा।
- सहयोग– भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से प्राप्त है।
- उद्देश्य– भारतीय महिलाओं को मेंटरशिप (मार्गदर्शन), फंडीग की पहुंच, ब्लॉकचेन-प्रमाणित मान्यता और सहयोग से AI में सशक्त बनाना।
- फोकस क्षेत्र – स्वास्थ्य, शिक्षा, सततता।

## भारत का पहला घरेलू वृहद भाषा मॉडल (LLM) – सर्वम AI द्वारा विकसित होगा

- केंद्र ने इंडिया AI मिशन के अन्तर्गत LLM विकसित करने हेतु बेंगलुरु के स्टार्टअप 'सर्वम AI' को चुना है।
- लक्ष्य – 6 माह में मॉडल विकसित करना। पूर्णत: मेड इन इंडिया।
- वृहद भाषा मॉडल (Large Language Model) –
  - A.I. प्रणाली जो, मानव भाषाओं को समझने, विश्लेषण करने और उत्पन्न करने में सक्षम होती है।
  - यह LLM कई भारतीय भाषाओं और सांस्कृतिक डेटा पर आधारित होगा।
  - यह आवाज आधारित कार्यों को संभाल सकेगा और तार्किक क्षमता में दक्ष होगा।
  - इसे Open AI के GPT-3, GPT-4 तथा मेटा के LLaMA मॉडल की तर्ज पर विकसित किया जायेगा।
- इंडिया AI मिशन
  - शुरुआत – 7 मार्च 2024
  - कुल बजट – ₹ 10,300 करोड़
  - अवधि – 2024 – 2029 (5 वर्ष)
  - उद्देश्य – स्वदेशी AI समाधानों को बढ़ावा।

## 2025 में विश्व की शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थायें (IMF – अप्रैल 2025)

- रिपोर्ट – World Economic Outlook

| रैंक | देश | GDP (ट्रिलियन डॉलर) | अनुमानित GDP वृद्धि (%) | प्रति व्यक्ति GDP (USD) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | USA | $ 30.34 | 2.7 % | 30,510 |
| 2 | चीन | $ 19.53 | 4.6 % | 19,230 |
| 3 | जर्मनी | $ 4.92 | 0.8 % | 4,740 |
| 4 | भारत | $ 4.39 | 1.1 % | 4,190 |
| 5 | जापान | $ 4.27 | 6.5 % | 4,190 |

## शहरी नदी पुनर्जीवन के लिए 'कार्य योजना 2025' को मंजूरी

- राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) ने 25. April. 2025 को रिवर सिटीज एलायंस (RCA) के अंतर्गत इसकी मंजूरी दी।
- संयुक्त पहल – केन्द्रिय जल शक्ति मंत्रालय ⊕ केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय
- उद्देश्य – शहर नियोजन में नदी प्रयासों को मजबूती देना।
- इसमें देश के 145 शहर अब तक RCA में शामिल हो चुके हैं।
- फोकस क्षेत्र
  - रिवर – सेंसिटिव मास्टर प्लानिंग (RSMP) पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम
  - शहरी नदी प्रबंधन योजनाएं (URMPs) का निर्माण और सुदृढ़ीकरण।
  - तकनीकी टूल्स, केस स्टडी, विशेषज्ञों की मार्गदर्शिका व ज्ञान साझाकरण मंच का विकास।

## वैश्विक सैन्य खर्च संबंधी SIPRI रिपोर्ट 2024-25

- SIPRI – स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट
- 2024 में सैन्य खर्च – $ 2,718 अरब तक पहुँच गया।
- यह आंकड़ा शीत युद्ध के बाद की सबसे बड़ी वृद्धि को दर्शाता है।

| रैंक | देश | कुल खर्च (अरब डॉलर) | वैश्विक हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| 1 | USA | $ 997 | 37 % |
| 2 | चीन | $ 314 | 12 % |
| 3 | रूस | $ 149 | 5.5 % |
| 4 | जर्मनी | $ 88.5 | – (28% वृद्धि दर) |
| 5 | भारत | $ 86.1 | 3.2 % |

- भारत के सैन्य खर्च में 2023 की तुलना में 1.6 % वृद्धि हुई।

## आयुष्मान भारत दिवस – 30 अप्रैल

- उद्देश्य – आयुष्मान भारत योजना के तहत निः शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना।

## भारत की हरित हाइड्रोजन प्रमाणन योजना (GHCI)-2025

- शुभारंभ- 29. April. 2025 को नई दिल्ली में।
- मंत्रालय- नवीन और नवीकरणीय उर्जा मंत्रालय (MNRE)
- उद्देश्य- भारत में हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए एक प्रमाणन ढ़ांचा विकसित करना।
- नोडल एजेंसी- उर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE)
- समर्थन- राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन द्वारा।
- इसमें हर वित्तीय वर्ष के लिए मूल्यांकन चक्र निर्धारित किया गया है।

## रैपिडो और श्रम मंत्रालय के बीच समझौता

- MOU- 29. April. 2025 को राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल (NCS) के माध्यम से रोजगार सृजन हेतु हस्ताक्षर किए गये।
- उद्देश्य- अगले 1-2 वर्षों में 50 लाख से अधिक आजीविका अवसरों का निर्माण करना।
- इसमें से 5 लाख रोजगार महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे, जिससे लॉजिस्टिक सेक्टर में महिला भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।

## अंतरराष्ट्रीय जैज़ दिवस - 30 अप्रैल

- उद्देश्य- संगीत कार्यक्रमों, चर्चाओं और कार्यशालाओं के माध्यम से दुनियाभर के कलाकारों और समुदायों को जोड़ना।
- शुरुआत- 2011 में यूनेस्को द्वारा।

## मलयालम फिल्म निर्माता शाजी एन. करुण का निधन (73 वर्ष)

- पहली फिल्म- 'पिरवी (1988) 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय समारोहों में प्रदर्शित।
- उनकी फिल्मों को 7 राष्ट्रीय और 7 केरल राज्य फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुए।

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान में 2025-26 हेतु विधानसभा समितियों का गठन

- गठन – राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा।

| क्र. स. | समिति | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| 1 | जनलेखा समिति | टीकाराम जूली |
| 2 | प्राक्कलन समिति 'क' | अर्जुन लाल जीनगर |
| 3 | प्राक्कलन समिति 'ख' | बाबू सिंह राठौड़ |
| 4 | राजकीय उपक्रम समिति | कालीचरण सराफ |
| 5 | सामान्य प्रयोजन संबंधी समिति | वासुदेव देवनानी |
| 6 | नियम समिति | वासुदेव देवनानी |
| 7 | प्रश्न एवं संदर्भ समिति | संदीप शर्मा |
| 8 | महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समिति | कल्पना देवी |
| 9 | पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समिति | केसाराम चौधरी |
| 10 | अनुसूचित जाति कल्याण समिति | विश्वनाथ मेघवाल |
| 11 | अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति | फूलसिंह मीणा |
| 12 | गृह तथा स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं संबंधी समिति | हरिसिंह मीणा |
| 13 | पुस्तकालय एवं सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति | जितेन्द्र कुमार गोठवाल |
| 14 | याचिका एवं सदाचार समिति | कैलाश चन्द्र वर्मा |
| 15 | विशेषाधिकार एवं अधीनस्थ विधान संबंधी समिति | नरेन्द्र बुडानियां |
| 16 | अल्पसंख्यकों के कल्याण एवं पर्यावरण संबंधी समिति | दयाराम परमार |

- सामान्य प्रयोजन संबंधी समिति में CM भजनलाल शर्मा सदस्य बनाए गये है।

## कृष्ण गमन पथ के राजस्थान रूट में 8 मंदिर शामिल होंगे

- कृष्ण गमन पथ – मथुरा से उज्जैन तक विभिन्न ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल शामिल होंगे, जो भगवान कृष्ण की उज्जैन यात्रा से जुड़े हैं।
- निर्माण – उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश की सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से।
- राजस्थान के 8 मंदिर शामिल –

  भरतपुर का श्रीबिहारीजी मंदिर, बयाना के झील का बाड़ा का कैलादेवी, कैमरी (करौली) का जगन्नाथ मंदिर, करौली का मदनमोहनजी मंदिर, रणथंभौर के त्रिनेत्र गणेशजी, बूंदी का केशवरायजी महाराज मंदिर, कोटा के मथुराधीश और झालरापाटन (झालावाड़) के द्वारकाधीश मंदिर।
- राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष – ओंकार सिंह लखावत।

## सहकारिता हेतु राज्य स्तरीय समिति गठित

- उद्देश्य – अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 की गतिविधियों का क्रियान्वयन करना।
- अध्यक्ष – मुख्यमंत्री
- सदस्य संयोजक – मुख्य सचिव।
- समिति के सदस्य –

1. प्रशासनिक अधिकारी
   - वित्त और ग्रामीण विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव
   - विभिन्न विभागों के शासन सचिव
2. मंत्री
   - कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री
   - ग्रामीण विकास पंचायतीराज मंत्री
   - सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मंत्री
   - पशुपालन एवं डेयरी मंत्री
   - सहकारिता मंत्री
   - नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग मंत्री

## राजस्थान ग्रामीण बैंक का गठन

- क्रियाशील– 1. May. 2025 से
- गठन– राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक ⊕ बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
- कार्यक्षेत्र– सम्पूर्ण राजस्थान।
- अध्यक्ष– मुकेश भारतीय (SBI द्वारा नियुक्त)
- राजस्थान में कुल शाखाएं– 1953

## दूध सबसे ज्यादा औसत प्रति व्यक्ति खपत राजस्थान में

- रिपोर्ट– नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (NDDB)
- राजस्थान में प्रतिदिन प्रतिव्यक्ति खपत– 459 gm. दूध।
- 68.5% पुरुष और 69% महिलाएँ रोजना दूध-दही-छाछ का उपयोग करते हैं।
- राज्यवार औसत दूध खपत (प्रति व्यक्ति)–

| राज्य | राजस्थान | पंजाब | हरियाणा | गुजरात | आंध्रप्रदेश |
|---|---|---|---|---|---|
| खपत (ग्राम/दिन) | 459 | 427 | 400 | 375 | 350 |

- भारत का वैश्विक दूध उत्पादन में योगदान– 25% (230.58 मिलियन टन)

## 7 वीं यूथ पुरुष एवं महिला नेशनल बॉक्सिंग

- आयोजन– ग्रेटर नोएडा, U.P.
- प्रथम स्थान (पुरुष कैटेगरी)– सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (SSCB) ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते, और टीम स्वर्ण पदक जीता।
- प्रथम स्थान (महिला वर्ग)– हरियाणा (3 स्वर्ण, 5 रजत, टीम स्वर्ण पदक जीता)
- द्वितीय स्थान (महिला वर्ग)– दिल्ली।
- तृतीय स्थान (महिला वर्ग)– राजस्थान।

## मानिनी कौशिक ने शूटिंग में स्वर्ण जीता

- प्रतियोगिता– दिल्ली में आयोजित कुमार सुरेंद्र स्मृति शूटिंग चैम्पियनशिप।
- स्पर्धा– 50 मीटर राइफल प्रोन महिला इवेंट।
- स्वर्ण पदक जीतने के साथ राष्ट्रीय रेकार्ड भी स्थापित किया।
- रजत पदक– सिफत कौर
- कांस्य पदक– सुरभि

## एथलेटिक्स में राजस्थान ने 3 पदक जीते

- प्रतियोगिता– चंडीगढ़ में आयोजित दूसरी इंडियन ओपन रिले कंपटीशन।

| स्पर्धा | पदक | प्रतिभागी (टीम सदस्य) |
|---|---|---|
| 4x100 मीटर रिले (बालिका वर्ग) | रजत | कृतिका राठौड़, सोनू रावत, पूनम, अनकार |
| 4x100 मीटर मिक्स रिले | कांस्य | हर्षिका, नीतू चौधरी, नीतेश, धर्मराज जाखड़ |
| 4x100 मीटर रिले (बालक वर्ग) | कांस्य | सौरभ टांक, गौरव यादव, राजकुमार, अनंत |

## 68 वें नेशनल स्कूल बॉक्सिंग गेम्स

- आयोजन– दिल्ली में।
- प्रथम स्थान – दिल्ली
- द्वितीय स्थान – हरियाणा
- राजस्थान– 4 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

| खिलाड़ी | भार वर्ग | पदक |
|---|---|---|
| साहिल चौधरी | 50 kg. | स्वर्ण |
| अनीराज चौधरी | 38 kg. | रजत |
| जयंत धांधी | 36 kg. | रजत |
| उत्कर्ष शर्मा | 42 kg. | कांस्य |

Samyak
An Institute For Civil Services

# घर बैठे करें RAS की तैयारी

## राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान के साथ

RAS FOUNDATION
Complete Course
LIVE FROM STUDIO




+ PYQ SOLVED BOOKLET, CURRENT AFFAIRS MAGAZINE PRELIMS PRACTICE PAPERS WITH OMR, MAINS PRACTICE PAPERS

• CLASSES BY SUBJECT EXPERTS • TIME BOUND CLASSES • TEST SERIES

FOR 10% DISCOUNT USE CODE **SAMYAK10**

VALIDITY: **29** APRIL to **11** MAY.

DOWNLOAD THE APP NOW

GET IT ON Google Play
Download on the App Store

For more information
9875170111

SHOP NOW

Samyak

An Institute For Civil Services

# THANK YOU

Click Here to Join us on:

YouTube

Instagram

Telegram